Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 24-08-2022 अंक 323

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### कृष्टि दिव्यांग युवती की सर्पदंश से मौत



वष्णुगढ़ के मड़मो पंचायत के केंदटांड़ निवासी दृष्टि दिव्यांग युवती कुनवा कुमारी (30) पिता छेदी महतो की मौत सर्पदंश से हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की रात घर मे जब वह सो रही थी तब जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। कुछ देर बाद उसे बेचौनी होने लगी तो परिजन उसका स्थानीय स्तर पर झाड़फूंक करवाकर इलाज के लिए हजारीबाग एचएमसीएच ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद सर्पदंश से घायल युवती के गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। बुधवार को इलाज के दौरान रिम्स में हीं उसकी मौत हो गई।

## अनावश्यक छुट्टी के लिए दबाव नही बनाएं अभिभावक : नेहा कुमारी

### कस्तूरबा विद्यालय में अभिभावकों के समक्ष दी गई बच्चियों की प्रगति की जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बुधवार को अभिभावक बैठक बुलाई गई । अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष गीता देवी एवं संचालन वार्डेन नेहा कुमारी ने की। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया मोतीलाल चौधरी मौजूद रहे। इस बैठक में सैकड़ों अभिभावक गण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से किया गयाद्य बैठक में विद्यालय में छात्राओं की शत–प्रतिशत उपस्थिति, लर्निंग गैप को कम करना, बच्चों के सीखने की प्रगति , व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी और विद्यालय के विकास में माता–पिता का सहयोग को लेकर चर्चा की गई। स सभी अभिभावक को यह बताया गया कि अनावश्यक छुट्टी के लिए विद्यालय में दबाव ना बनाएं। वार्डेन नेहा कुमारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में निरंतर विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। मुखिया मोती लाल चौधरी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की शत–प्रतिशत उपस्थिति में अभिभावक अपना सहयोग दें स बच्चों और अभिभावकों के बीच मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ससभी शिक्षकों के द्वारा अपने कक्षा के विद्यार्थियों का शैक्षिक प्रगति की जानकारी दी गई स इस बैठक में वार्डन नेहा कुमारी , ज्योति वर्मा, मोती लाल चौधरी ,सुषमा टोप्पो , अविनाश गौतम , अनिल कुमार , अशोक कुमार, पिंकी कुमारी, संयुक्ता सिंह, पूनम कुमारी , विदयालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गीता देवी, एसएमसी सदस्य जावेद आलम, प्रभाकर पाठक, सविता देवी, शीतल हांसदा, सिकंदर यादव, सुरेंद्र यादव, बाल संसद की बच्चियां,रात्रि प्रहरी गणेश कुमार,पिंटू प्रजापति, सुरक्षा गार्ड रुकमणी कुमारी, संजू कुमारी समेत सैंकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती कस्तूरबा की बच्चियां

## म0वि खैरोन में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, गुणवत शिक्षा पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विभागीय आदेशानुसार मध्य विद्यालय के रोल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी भोला सिंह एवं संचालन मध्य विद्यालय खैरून के प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास ने किया बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ–साथ पोषक तत्वों से युक्त मेनू के आधार पर मध्यान भोजन बच्चों को उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया सचिव तुलसीदास ने बताया कि मध्य विद्यालय के रोल में सभी बच्चों को मेनू के अनुसार मध्यान भोजन दिया जाता है इसके साथ ही समय–समय पर सरकार के द्वारा दिए जाने वाले हर सरकारी सुविधाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचाया जाता है इसके अलावा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए विद्यालय के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित कराया जाता है उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को समय पर विद्यालय भेजने में विद्यालय प्रबंधन को सहयोग करें इसके साथ ही उन्होंने बच्चों की स्वच्छता पर भी ध्यान देने की बात कही। मौके पर रंजीत कुमार सिंह अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति,भोला सिंह,बीरबल सिंह,उमेश सिंह,अवध सिंह, झरि सिंह,लखन सिंह, लोकेश सिंह,गुड़िया देवी,बबिता देवी,ममता देवी कविता देवी ,संदीप सिंह शिक्षक में बहादुर मिस्त्री,कुमारी विनीता सिंह विजय कुमार दास, सविता कुमारी सहित कई अभिभावक मौजूद थे।




गोष्ठी में शामिल अभिभावक एवं शिक्षक

## म0वि बेन्दगी में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, जाति प्रमाण पत्र को लेकर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मध्य विद्यालय बेन्दगी में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं संचालन सचिव सुरेश कुमार रजक ने किया। बैठक में शत प्रतिशत उपस्थिति, मध्यान भोजन, जाति प्रमाण पत्र, के संदर्भ में चर्चा की गई। सुरेश रजक ने बताया कि सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाना है। इसके लिए खतियान सहित अन्य जरूरी दस्तावेज की जरूरत पड़ेगी। आप सभी जरूरी कागजात उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं। ताकि समय पर जाति प्रमाण पत्र बनवाया जा सके और विभाग को सौपा जा सके। इसके साथ ही बच्चो की साफ सफाई पर जोर दिया गया। मौके पर नीतू देवी, कुंती देवी, शबाना खातून, मो इस्लाम, मंसूर अंसारी, अनीता देवी, सुनीता देवी, कविता देवी, मंजू देवी, सरोज देवी, प्रमिला देवी, उर्मिला देवी, कर्मी देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, सुधा देवी, आरती कुमारी, ममता कुमारी, हीना देवी, गुड़िया देवी, सरिता देवी, चंदवा देवी, अनीता देवी, रूबी देवी, सबनम प्रवीण, गायत्री देवी, सरोज कुमारी, संध्या कुमारी, उषा राम, गिरजा देवी, राजेंद्र प्रसाद केशरी, बीरेंद्र कुमार साव, तबरेज अंसारी, मो रिजवान अहमद, मो तौकीर रजा एवं सुरेश रजक मौजूद थे।



## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का बरही में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बुधवार को आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो का बनारस जाने के दौरान बरही में आजसू पार्टी के बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। अपने निजी कार्यक्रम में शामिल होने सुदेश कुमार महतो बनारस जा रहे थे। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखण्ड के सभी विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर गई है और आपराधिक घटनाएँ बहुत बढ़ गई है। अपने सभी चुनावी वायदे सरकार भूल गई है। जिससे राज्य की जनता परेशान है। स्वागत करने वालों में आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सदस्यता प्रभारी चंदन कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष बीरेंद्र कुमाएर, धीरेन्द्र सिंह, बबलू साव, केन्द्रीय सदस्य सुरेंद्र महतो सहित सैकड़ो आजसू कार्यकर्त्ता शामिल थे।



## हर हाल में अपने बच्चों का कराएं विद्यालय में नामांकन : नीलम देवी

### बेसिक स्कूल पंचमाधव में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बुनियादी विद्यालय पंचमाधव के प्रांगण में सरकार के निर्देशानुसार माता–पिता अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मुखिया नीलम देवी एवं संचालन संयोजक संजय कुमार दुबे ने किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचमाधव पंचायत के मुखिया नीलम देवी उपस्थित हुई । बैठक में विद्यालय में 100% नामांकन और उपस्थिति, अभिभावक शिक्षक सहयोग का समर्थन, परीक्षाओं में बच्चों के प्रदर्शन के बारे में बताया गया तथा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की जानक. ारी भी दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि बच्चे का शत–प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में कराएं ताकि बच्चे का भविष्य संवर सके । पंचायत के मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सभी ग्रामीण अपने बच्चों को सुसज्जित करके विद्यालय भेजें ताकि बच्चे मन लगाकर शिक्षण कार्य कर सके। हर हाल में अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराएं। इस बैठक में सीआरपी श्री वीरेंद्र यादव,पुर्व मुखिया हरेंद्र गोप ,विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार घोष, दामोदर साव ,सतीश कुमार यादव, गायत्री सिन्हा , विन्दिया देवी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीलम देवी ,सदस्य कविता देवी, सोनी देवी ,सुनीता देवी , पुष्पा देवी, किरण देवी, रेखा देवीज़ बबीता देवी ,सोनिया देवी, गुड़िया देवी, कुंती देवी ,लक्ष्मी कुमारी, जोहरा खातून, प्रयाग रजक, देवकी मसोमात, मोहनी मसोमात ,राजू रजक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।



बैठक में शामिल अभिभावक एवं शिक्षक

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 24-08-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## सिंघरावां हाई स्कूल रोड कार्य स्थगित होने से छात्र दिखे परेशान संवेदक की मनमानी देख एक जुट हुए स्कूली छात्र

### पुनः विधायक के समक्ष रखूंगा बात : दीपक

**अपेम लाइव : चौपारण**



प्रखंड चौपारण के सिंघरावां में डीएमटी फंड से जिला परिषद के द्वारा हाई स्कूल रोड सिंघरावा एनएच 2 से सिमरिया को जोड़ने वाली रोड में टेंडर हो जाने के बाद सड़क निर्माण कंपनी द्वारा लंबे समय से मनमानी और लापरवाही की जा रही है। जिससे छोटे बच्चे और छात्र के साथ कई ग्रामीण को यातायात के लिए कीचड़ परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इसको लेकर स्कूली छात्रों ने सड़क पर जमा होकर सरकार और प्रशासन को एकजुट होकर सड़क बनाने को अपील किया और नारे भी लगाएं । ग्रामीणों ने बताया की टेंडर पास होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माणाधीन सड़क को आधी अधूरी और सड़क जैसे तैसे कर खराब हालत में छोड़ दिया गया है। जिससे हम सभी के लिए चिंता के विषय हैं। समाजसेवी पिंटू कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि लंबे वर्षो से सिंघरावा सहित पड़ोसी गांव के लोगों ने इस रोड को बनवाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन हमारे वर्तमान विधायक अकेला यादव के द्वारा से इस सड़क का शिलान्यास तो गया परंतु ठेकेदार द्वारा ठगने का कार्य किया जा रहा है इसको लेकर हम सभी स्कूली छात्र, बच्चों, महिलाओं एवं बाइक राहगीरों में व्यापक रोष है। जल्द सड़क का निर्माण नही होगा तो हम सभी ग्रामीण निर्माण कंपनी के खिलाफ आंदोलन करेंगे। स्कूली छात्र सांई कुमार के सरकार हमारा रोड बना दीजिए नारो के साथ प्रशासन से अपील करते हुए कहा की थोड़ी बरसात में हमसबो को आना जाना मुश्किल हो जाता है हमारा पेंट शर्ट पूरा गंदा हो जाता है, इसलिए खराब ड्रेस में स्कूल आने जाने का मन नही करता हैं। इसलिए विधायक और जिला अधिकारी हमारा रोड बनाने की कृपा करें। ओबीसी कांग्रेस जिला सह समाजसेवी दीपक गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से इस सड़क निर्माण के लिए हम सभी आस लगाए बैठे है इधर हेमंत सरकार बनने के बाद हमलोगो के लिए डीएमएफटी फंड के द्वारा 94 लाख से बनने वाली रोड हमारे गांव को सौगात तो मिली लेकिन सड़क बनाने को लेकर कंपनी के संवेदक की मंशा शुरुआती से ठीक नहीं हैं, लगातर लोगों से झूठे वादे करके निर्माण कार्य स्थगित करके रखे हैं सभी लोगों ने जल्द सड़क निर्माण के लिए वन विभाग को सिंघरावा पंचायत के सैकड़ों लोगों के द्वार हस्ताक्षर युक्त देकर फॉरेस्ट एनओसी तो करवा लिया लेकिन इसके बाद भी संवेदक का ध्यान सड़क निर्माण पर नही हैं। इस मुद्दे को लेकर माननीय विधायक के समक्ष पुनः एक बार रखूंगा बात। मौके पर सांई कुमार, आदित्य कुमार, माही कुमार, गौतम, आशीष कुमार, प्रिंस कुमार, छोटू कुमार, चांदनी कुमारी, काजल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, आरिफ, मोहित, दिलीप कुमार एवं ग्रामीणों में अमित कुमार, दीपक साव, नीरज कुमार सहित दर्जनों कई अन्य लोग मौजूद थे।

## विदाई सह स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा -प्रखड क्षेत्र के जमसोती उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में विदाई सह स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक उपेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सविता सिंह, कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख नीतू कुमारी शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि समेत सभी वशिष्ठ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियों को शॉल उढा कर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाप्ता प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार एवं संचालन संतोष कुमार चौधरी ने की। निवर्तमान बी ईईओ अशोक कुमार पाल एवं सेवा निर्मित शिक्षक नारायण ठाकुर, केदार साव को विदाई दी गई। एवं नव पदस्थापित बी ईईओ किशोर कुमार का स्वागत किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि दीपक कुमार चौधरी मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, प्रधानाध्यापक तालेश्वर प्रसाद, शिक्षक शशि भूषण कुमार, जमुना प्रसाद, द्वारका प्रसाद, पारा शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडे, हॉली एंजल पब्लिक स्कूल संचालक अमरजीत वर्णवाल, उप प्रधानाचार्य सोनी वर्णवाल,अजय कुमार, शशि शेखर पांडे, महेंद्र राम, रामेश्वर गंजू, निसाद अहमद, विवेक कुमार, हम काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कयामत क्लब पिपराडीह और छतरबर टीम के बीच खेला गया,

### पेनाल्टी शूट के जरिए पिपराडीह की टीम ने 4-1 से जीत हासिल की

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**



चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह पंचायत के पिपराडीह खेल मैदान में कयामत क्लब की ओर से नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच कयामत क्लब पिपराडीह बनाम छतरबर टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बरकट्ठा विधानसभा युवा नेता उमेश कुमार यादव, जिप सदस्य महादेव राम, युवा नेता कृष्णा कुमार यादव, पंसस रमेश यादव, पूर्व मुखिया बालेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से किया। 50 मिनट के खेल में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में कुल 30 टीमें भाग ली है। खेल मे निर्णायक पिंटू रविदास सह निर्णायक सकलदेव यादव व अनिल वर्मा ने यहम भूमिका निभाए। मौके पर मुख्य अतिथि उमेश कुमार यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद जरूरी है ग्रामीण क्षेत्र में फुटब०ल का खेल काफी लोकप्रिय हैं। बरही विधानसभा युवा नेता कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का खेल के आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन महेश राणा ने किया। मौके पर हिरामन राम, मो समीम अंसारी, अरुण कुमार यादव, राजेश कुमार यादव, महेश राणा, मो रऊफ, वसीम अंसारी, महेश रविदास, तैयब अंसारी अरमान अंसारी रामजी प्रसाद समेत सैकड़ों खेल प्रेमी व ग्रामीण मौजूद थे।

## तिलेश्वर साहू सेना का बरही में पंचायत स्तर पर किया गया विस्तार, अध्यक्ष अरुण साहू रहे शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही उज्जैना स्थित बरही हाउस में बुधवार को टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जहां टीएसएस संगठन के मजबूती के लिए पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें प्रखंड सचिव के पद पर दिनेश साव और कार्यकर्ता सदस्य मे मनोज साव को नियुक्त किया गया। साथ ही खोड़ाहर पंचायत से अध्यक्ष दिनेश कुमार भारती, सचिव सुजीत भुइंया, बेंदगी पंचायत से अध्यक्ष दिनेश साव सचिव मुकेश यादव कोषाध्यक्ष अनंत कुमार पाठक को नियुक्त किया गया। पंचायत स्तर पर नियुक्त किए गए सभी जनप्रतिनिधियों को टीएसएस संगठन के अध्यक्ष अरुण साहू ने माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया। इस प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान सचिव विषुणधारी, उपाध्यक्ष भोली पासवान, प्रकाश दास, विष्णु साहु, छोटी राम, मनोज पासवान, राजेश कुशवाहा, चमारी ठाकुर, प्रभु भुंइया, सोहन भुंइया, दिनेश भुईयां, सुजीत कुमार, दिनेश साव, सन्नी गुप्ता, आनंद कुमार, प्रदीप कुमार, किशोर कुमार दास, राजू मेहता, मीडिया प्रभारी बब्लू साहु सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही में भारत नेट ओ. एल. टी. का उद्घाटन

### बी. एस. एन. एल (सी. एफ. ए) निदेशक नई दिल्ली ने संचार माध्यम से किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भारत के आधुनिकीकरण को देखते हुए डिजिटल इंडिया प्रोजेक्ट के तहत बी. एस. एन. एल ने बरही में भारत नेट ओ. एल. टी. का उद्धघाटन बी. एस. एन. एल(सी. एफ. ए) के निदेशक माननीय श्री विवेक वंजल के द्वारा संचार माध्यम से बरही पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोती सिंह एवं विकास सिंह को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। उद्घाटन के समय झारखंड सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक श्री के. के सिंह, संकल्प शक्ति के धनी राँची व्यापर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री उमेश साह एवं हजारीबाग प्रचलन क्षेत्र के उप महाप्रबंधक मनोरंजन प्रसाद संचार माध्यम से जुड़े हुए थे। कार्यक्रम में उपस्थित हजारीबाग महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह, मोव सलाउद्दीन, एफ. टी. टी. एच. हजारीबाग अनुमंडल अभियंता रमेश चंद्रा एवं अनुमंडल अभियंता बरही हरेश कुमार ने बताया कि बरही पश्चिमी पंचायत जिसकी आबादी लगभग 6000 है जहां पर मिनी ओ. एल. टी. के माध्यम से थर्ड पार्ट ऑपरेटर साएका टेक के संचालक मो. सफराज खान के द्वारा काफी तीव्र गति से गांवों में एफ. टी. टी. एच. का कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है एवं बरही अनुमंडल में 2022-23 में 500 एफ. टी. टी. एच. कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा है जिससे बरही अनुमंडल के लोगों को काफी तीव्र गति से इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। इस कार्यक्रम के लिए थर्ड पार्ट ऑपरेटर साएका टेक के निदेशक मो. सरफराज खान को बी. एस. एन. एल(सी. एफ. ए) के निदेशक माननीय श्री विवेक वंजल ने शुभकामनाएं दिया।कार्यक्रम में काफी लोगों की भीड़ देखी गई।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## डेबो मुखिया मुखिया व समिति सदस्या ने किया साड़ी धोती का वितरण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



डेबो पंचायत के मुखिया सरिता देवी व पंचायत समिति सदस्या द्रोपती देवी व उप मुखिया सुनीता देवी ने सामूहिक रूप से पंचायत के करमा में संचालित पीडीएस में कार्डधारियों के बीच साड़ी धोती का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि गरीब परिवार के लिए जनोपयोगी है ये योजना। समिति सदस्य ने कहा कि सरकार के हरेक योजना का लाभ पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। इससे पूर्व पीडीएस संचालक ने अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, समिति सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर साव, उपमुखिया प्रतिनिधि भगीरथ रविदास, रामदेव यादव, समाजसेवी शम्भू यादव, वार्ड सदस्य राजकुमार पासवान, डीलर कलिम उदिन, मो मनौवर सहित अन्य

## चौपारण मुखिया ने बिगहा बाजार में किया फेवर ब्लॉक का उदघाटन

### पंचायत का होगा सर्वांगीण विकास, अधूरे कार्यो को करूँगी पूरा : पिंकी देवी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण मुखिया पिंकी देवी ने बिगहा बाजार में सैरात बंदोबस्ती मद से निर्मित फेवर ब्ल०क का उदघाटन किया। कार्यक्रम को सम्बो. धित करते हुए मुखिया ने कहा कि रास्ता बनने से बाजार वासियो को सुविधा मिलेगा। कहा 15वे वित्त मद से हमने पंचायत के भिन्न भिन्न गांवों में आवश्यकतानुसार योजना का अनुशंसित किया है। कहा पंचायत का सर्वागीण विकास करना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। कहा राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जनपयोगी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलेग, कोई भी व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नही रहेगा। पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने कहा कि हमारे अधूरे कार्यो को पूरा करेंगी वर्तमान मुखिया। मौके पर पंचायत से राजेश कुमार, रामसेवक सिंह, बीरेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, भीम सिंह, मिथुन शर्मा, अजित यादव, पंकज सिंह, पवन सिंह, सुजीत पांडेय, सन्नी कुमार, निरजु भुइया, प्रेमा देवी, सरिता देवी, उमा देवी, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मड़मो बनी टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

### विजेता टीम को 15 हजार व उपविजेता टीम को दस हजार रुपये मिला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



खिलाड़ियों को संबोधित करते मांडू विधायक जेपी पटेल

टेकलाल महतो मेमोरियल फुटब०ल टूर्नामेंट का फाइनल मैच चानो बनाम मड़मो की टीमों के बीच खेला गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। संपूर्ण टूर्नामेंट चानो फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया था। काफी रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में दोनों टीमें अंतिम समय तक एक दूसरे के खिलाफ एक भी गोल नहीं कर सकी। अंत में निर्णायक मंडली द्वारा पेनाल्टी शूटआउट से मैच का परिणाम तय कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें मड़मो की टीम एक गोल से टूर्नामेंट का विजेता बनी। मुख्य अतिथि ने कहा की फुटब०ल टूर्नामेंट मनोरंजन का बेहतर माध्यम है। कई खिलाड़ी खेल के माध्यम से ऊंचाइयों तक पहुंचकर क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। हमलोगों के क्षेत्र में भी खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। प्रतिभावान खिलाड़ियों की मदद के लिए हरसंभव तत्पर रहूंगा। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। अंत में मुख्य अतिथि के हाथों विजेता टीम को 15 हजार रुपए, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र तथा उपविजेता टीम को दस हजार रुपये, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया गीता देवी, पंसस खेमीया देवी, पंसस प्रतिनिधि परमेश्वर महतो, राजा बाबू, दीपक रविदास, रसल बाबू, गोल्डन मेसी, खिरो महतो, जोगन महतो, राहुल महतो, अजय महतो, महेन्द्र महतो, संजीव पटेल, मिथलेश महतो, राजू महतो, अशोक भोक्ता, वीरेन्द्र महतो, सुमित महतो, अमित महतो, उमाशंकर महतो, कुल्ली, तपेश्वर महतो, टिंकू महतो, पूरन ठाकुर, हीरामन महतो, जय कुमार महतो, तुलेश्वर महतो, बैजनाथ महतो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ का लेदी मोड़ बीस दिनों बाद बिजली से हुआ रोशन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



लेदी मोड़ में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन करते जिप सदस्य शेख तैयब समेत अन्य

अचलजामो पंचायत का लेदी मोड़ बीते 20 दिनों के बाद बिजली से रोशन हो सका। ट्रांसफ०र्मर जल जाने के कारण इस मोड़ तथा आसपास के लोग शाम ढ़लते हीं अंधेरे में गुजर करने को विवश थे। इसके अलावा उन्हें कई तरह की परेशानियां हो रही थी। बच्चों की पढ़ाई समेत सिंचाई कार्य बाधित थे। मोबाइल चार्ज करने भी ग्रामीणों को दो किमी दूर जाना पड़ता था। इसकी जानकारी जिप सदस्य शेख तैयब को मिलते हीं उन्होंने जले ट्रांसफ०र्मर को बदलने की मांग को लेकर विभाग के अधिकारियों से मिले और 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर की जगह 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाया। बुधवार को जिप सदस्य शेख तैयब के अलावा प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, पूर्व प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन होते हीं लेदी मोड़ के ग्रामीणों में खुशी का लहर दौड़ गई। मौके पर अशोक महतो, वार्ड सदस्य अशोक कसेरा, कैलाश महतो, पप्पू विश्वकर्मा, बासुदेव रजवार, सुरेंद्र साव, महेंद्र साव, उपेंद्र मणि, जगदीश महतो, जितेंद्र महतो, सहदेव रजवार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## NSUI ने PCC निर्माण के लिए नगर निगम गिरीडीह कार्यालय में दिया आवेदन पत्र

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




कांग्रेस छात्र संगठन (NSUI) कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभय कुमार और विनीत भास्कर के नेतृत्व में वार्ड न :-11 सीहोडीह , शिव मोहल्ला में राशता खराब होने के कारण नगर निगम में दिया आवेदन। अभय कुमार ने कहा की हर बारिश के समय वहा ढेर सारा पानी जमा हो जाता है और वही राशता से छात्र- छात्राएं को गंदे पानी से होकर स्कूल, कॉलेज और कोचिंग के लिए जाना पड़ता है और साथ साथ मोहल्लावाशियों को आने जाने मैं काफी परेशानियाँ होती है। वही विनीत भास्कर ने कहा की ग्रामीण इलाके से जितने भी छात्र - छात्राएं कोचिंग के लिए आते है अधिकतर सीहोडीह में ही रूम लेकर पढाई करते है ,उन लोगो को और मोहल्लावाशियों को आने जाने में काफी परेशानी उठाने पड़ती हैं। तब NSUI के कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार और विनीत भास्कर ने गिरिडीह उपमहापोर प्रकाश राम को समस्या से अवगत कराया एवं उपमहापोर प्रकाश राम ने आश्वासन दिलाया की PCC निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ किया जायेगा।

## विद्यालय में व्याप्त असुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानपुर मुशहरिया टोला में सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय में व्याप्त असुविधायों को लेकर जमकर हंगामा किए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक के समक्ष विद्यालय में शौचालय, पेयजल एवं अन्य मांगों को रखते हुए विधि व्यवस्था ठप रखने आरोप लगाया है। बच्चों ने बताया कि विद्यालय में हम लोगों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पानी नहीं रहने से हम लोग को गर्मी में बहुत सारे समस्याओं का सामना करना पड़ता है वही शौचालय नहीं होने से हम लोग शौच के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। उक्त संबंध में बताते हुए ग्रामीण संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि विद्यालय में ना ही पीने का पानी का व्यवस्था है और ना ही शौचालय का जिससे यहां के बच्चों को कई प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ती है और यहां के शिक्षक भी मनमानी ढंग से पढ़ाते हैं। बच्चों को ना समय पर शिक्षा दी जाती है और ना ही खाना दी जाती है, यहां शिक्षक के रहते हुए भी यहां के बच्चे हमेशा खेलते कूदते नजर आते हैं। इधर मानपुर निवासी मनोज भूईया ने बताया कि विद्यालय मैं ना तो पानी की व्यवस्था है ना ही शौचालय के यहां के बच्चे एक एक बूंद पानी के लिए भी तरस जाते हैं और शौचालय ना रहने से खुद में असहज महसूस करते हैं। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सरकार से मांग की है कि विद्यालय में पेयजल और शौचालय का व्यवस्था किया जाए। इधर प्रधानाध्यापक अशोक यादव ने कहा कि यहां पर सभी शिक्षकों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक कर हम ने जानकारी दी कि विद्यालय की खुद की जमीन नहीं है, वर्षो पहले स्थानीय निवासी मनु कुमार साव के पूर्वज सादा पन्ना में एक सुलहनामा देकर विद्यालय का निर्माण करवाए थे लेकिन मनु कुमार साव विद्यालय के उपर दावा करते हुए खुद का जमीन बता रहे हैं जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है और जब तक मामला का संपादन नहीं हो जाता तब तक विद्यालय में किसी तरह का विकास कार्य करना संभव नहीं है। फिर भी उन्होंने कहा है कि मन्नू कुमार के साथ संजशय स्थापित कर पेयजल एवं शौचालय का व्यवस्था करने का प्रयास करेंगे।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS
सच का साथी